>

Title: Need to set up a national level sport centre at Sant Kabir Nagar, Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): महोदय, मैं आपका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ दिलाना चाहता हूं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों का लोगों का खेलों में विशिष्ट स्थान रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करके अपनी धरती का लोहा मनवाया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन किया है। यहां हाकी, क्रिकेट, एथलेटिक्स और मल्ल विद्या के क्षेत्र में पर्याप्त टेलेंट है। यहां के पहलवानों ने देश और विदेश में अपना नाम रोशन किया है। परंतु हमें खेद के साथ कहना पड़ता है कि पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में प्रतिभावान खिलाड़ी खेलों से बेमुख हो रहे हैं। इस इलाके में कोई भी राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग और कोचिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां इस तरह का कोई स्टेडियम भी नहीं है जहां नौजवान जाकर सुविधाओं का लाभ उठा सकें। क्रिकेट के क्षेत्र में नरेंद्र हिरवानी, मल्ल विद्या में ब्रह्म देव जनार्दन पहलवान तमाम खिलाड़ियों ने, हाकी के क्षेत्र में प्रेम माया और तमाम महिला खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है। राजधानी दिल्ली में कॉमन वैल्थ गेम्स के चलते खिलाड़ियों और दर्शकों की राष्ट्रस्तरीय सुविधाओं के लिए अपार धन प्रदान करने की तैयारी हो रही है लेकिन उन शहरों में, जहां खिलाड़ियों में टेलेंट है, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जब टेलेंट होगा तभी तो कोई खेलेगा। मेरा सरकार एवं युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय से आग्रह है कि तत्काल पूर्वी उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का केंद्र और स्टेडियम स्थापित कर प्रतिभावान खिलाड़ियों को नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर नाम रोशन करने और प्रोत्साहित करने की व्यवस्था करें। मेरी सरकार से मांग है कि राष्ट्रीय खेल नीति के अनुरूप राज्य सरकार को समुचित राशि आबंटित करके राष्ट्रीय स्तर पर खेल स्कूल की स्थापना का प्रबंध किया जाए।